दलहन/तिलहन/फल एवं सब्जियां/बीज उत्पादन/कृषि-निर्यात पर विशेषीकृत सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए प्रचार कार्यक्रम का आयोजन - 24 सितंबर 2025

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता साल के बैनर के तहत जिला विकास प्रबन्धक श्रीमती नीतू कुमारी द्वारा 24 सितंबर 2025 को झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रधान शाखा, रांची जिले के कार्यालय परिसर में दलहन/तिलहन/फल एवं सब्जियां/बीज उत्पादन/कृषि-निर्यात पर विशेषीकृत सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय के कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, झारखंड राज्य सहकारी बैंक के शाखा प्रभारी, 10 LAMPS के 17से अधिक सदस्य यहा उपस्थित थे

कार्यक्रम के दौरान जिला विकास प्रबन्धक ने ग्रामीणो को बताया की दलहन/ तिलहन, फलों, सब्जियों, बीज उत्पादन और कृषि-निर्यात के लिए विशेषीकृत सहकारी समितियों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को साकार करना है। इसका लक्ष्य किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाना और कृषि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। साथ ही किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले बीज, आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी देना ताकि दालों, तिलहन, फलों, सब्जियों और बीजों का उत्पादन बढ़ सके।

झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय के कृषि अधिकारी श्याम प्रकाश पाठक द्वारा यह भी बताया गया की छोटे किसानों को एक साथ लाकर, सहकारी समितियां बड़े पैमाने पर उत्पादन करती हैं। इससे किसानों की व्यक्तिगत लागत कम होती है और सामूहिक रूप से अधिक लाभ मिलता है तथा बिचौलियों को कम करके किसानों को सीधे बाजार से जोड़ता है इससे उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल पाता है, जिससे उनकी आय बढ़ती है।

इस कार्यक्रम की कुछ झलकिया इस प्रकार है: